Announcement regarding welcoming H.E. Mr. Nugaka Fukushiro, Speaker of the House of Representatives, Japan and Members of Parliamentary Delegation

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे अपनी ओर से और सदन के माननीय सदस्यों की ओर से जापान के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के अध्यक्ष महामहिम श्री नुकागा फुकुशीरो के नेतृत्व में आए जापान के संसदीय शिष्टमंडल के सदस्यों का स्वागत करते हुए प्रसन्नता हो रही है। वे हमारी आधिकारिक यात्रा पार आए हैं। इस समय वे सदन के विशेष बॉक्स में आसीन हैं। जापान संसदीय शिष्टमंडल के सदस्य बुधवार, दिनांक 31 जुलाई, 2024 को बेंगलुरु से दिल्ली पहुंचे। वे 2 अगस्त, 2024 को जापान के लिए प्रस्थान करेंगे। उनकी इस यात्रा से भारत और जापान के संसदीय संबंध और मजबूत होंगे। हम भारत में उनके सुखद और सफल प्रवास की कामना करते हैं। उनके माध्यम से हम जापान की संसद के सदस्यों, जापान की सरकार तथा वहां की मित्रवत जनता को भी बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देते हैं।

___